महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com

पत्रांक–3173/कु0का0/2024 दिनांक–20/03/2024

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष
राजकीय/अशासकीय/स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,
सम्बद्ध महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय,
आजमगढ़।

विषय– प्रयोगात्मक परीक्षा एवं आंतरिक मूल्यांकन के अंक उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत पत्रांक 2709/कु0का0/2023 दिनांक 27.12.2023 तथा पत्रांक 2766/कु0का0/2024 दिनांक 08.01.2024 का अवलोकन करने का कष्ट करें। जिसके द्वारा अवगत कराया गया था कि प्रयोगात्मक परीक्षा एवं आंतरिक मूल्यांकन शीघ्र सम्पन्न कराकर समस्त अंको की हार्ड कॉपी विश्वविद्यालय को शीघ्र उपलब्ध करा दिया जाय। परन्तु कतिपय महाविद्यालय द्वारा प्रयोगात्मक परीक्षा अद्यतन सम्पन्न नही करायी गयी है। जो अत्यन्त खेदजनक है।

अतः मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि एक सप्ताह के अन्तर्गत प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न करा कर पोर्टल पर अपलोड करते हुए समस्त अंको की हार्ड कॉपी विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें। जिससे आपके महाविद्यालय के विषम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम शीघ्रातिशीघ्र घोषित किया जा सके तथा आगामी सम सेमेस्टर का परीक्षा फॉर्म भी ससमय भरा जा सके। यदि उक्त समय में महाविद्यालय द्वारा प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न न करायी गयी तो न तो महाविद्यालय का परीक्षाफल घोषित होगा और न ही आपके महाविद्यालय के छात्र सम सेमेस्टर का परीक्षा फॉर्म पूरित कर पायेंगे जिसका समस्त उत्तरदायित्व महाविद्यालय का होगा।

भवदीय

20.03.24
कुलसचिव

प्रतिलिपि–

1. निजीसचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी को संज्ञानार्थ।
2. ऑनलाइन एजेन्सी को इस आशय के साथ प्रेषित है, कि उक्त पत्र को महाविद्यालय के कालेज लॉगिन एवं विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
3. वित्त अधिकारी, महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़।

कुलसचिव